रजिस्ट्री सं० डी० (डी०)-72

REGISTERED No. D(D.)-72

CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY 19 APR GOVT OF INDIA

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग I—खण्ड 1

PART I—Section 1

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 74] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 23, 1979/चैत्र 2, 1901

No. 74] NEW DELHI, FRIDAY, MARCH 23, 1979/CHAITRA 2, 1901

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

वाणिज्य, नागरिक आपूर्ति एवं सहकारिता मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

आयात व्यापार नियंत्रण

सार्वजनिक सूचना सं० 19 आई० टी० सी० (पीएन)/79

नई दिल्ली, 23 मार्च, 1979

विषय: 1978-79 के लिए 3 करोड़ 50 लाख डी०एम० के प० जर्मनी पूंजीगत माल क्रेडिट के अधीन जारी किए गए आयात लाइसेंसों के लिए लागू शर्तें।

[मिसिल सं० आई०पी०सी० 39/10/76].—1978-79 के लिए 3 करोड़ 50 लाख डी०एम० के प० जर्मनी पूंजीगत माल क्रेडिट के अधीन आयात लाइसेंसों के निर्गमन को नियंत्रित करने वाली जो शर्तें इस सार्वजनिक सूचना के परिशिष्ट में दी गई हैं, सूचनार्थ अधिसूचित की जाती हैं।

वाणिज्य मंत्रालय की सार्वजनिक सूचना सं० 23-आई टी सी (पी एन)/79 दिनांक 23-3-79 का परिशिष्ट I

1978-79 के लिए 3 करोड़ 50 लाख डी०एम० के पश्चिमी जर्मनी पूंजीगत माल क्रेडिट के अधीन जारी किए गए आयात लाइसेंसों से सम्बन्धित शर्तें।

खण्ड 1—सामान्य शर्तें :—

(1) जिस मामले में आबंटन का मूल्य 10 लाख डी० एम० के तुल्य रुपए से अधिक होता है (सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के खण्ड 15 के अन्तर्गत राजस्व (सीमा शुल्क) विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर विनिश्चित करके तुल्य रुपया) उस में आबंटन के लिए प० जर्मनी के प्राधिकारियों [क्रेडिटान्स टाल्ट फुर वीडोपबाऊ (के एण्ड डब्ल्यू)] की पूर्व सहमति आवश्यक है, और यह सहमति भारतीय आयातक द्वारा अनुबन्ध 1 के प्रपत्र में दिए गए परियोजना आंकड़ों के आधार पर वार्षिक कार्य विभाग द्वारा प्राप्त की जाएगी। **जब तक पश्चिमी जर्मनी के प्राधिकारियों से सहमति वार्षिक कार्य विभाग द्वारा लाइसेंस प्राधिकारियों (मुख्य नियंत्रक, आयात निर्यात) को नहीं भेज दी जाती है तब तक भारतीय आयातक को कोई भी आयात लाइसेंस जारी नहीं किया जा सकता है।**

(2) लाइसेंस पर "1978-79" के लिए 3 करोड़ 50 लाख डी एम पश्चिमी जर्मनी पूंजीगत माल क्रेडिट "अभिलेख अंकित किया जाएगा। प्रथम और द्वितीय प्रत्यय के लाइसेंस संकेत एस/जी एन" होंगे। ये मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के आयात लाइसेंस को अग्रेषित करने वाले पत्र में भी दुहराए जाएंगे।

(3) **बैंक खर्चे जो सामान्य बैंक प्रणाली के माध्यम से प्रेषित किए जा सकते हैं, के अतिरिक्त आयात लाइसेंस के प्रति विदेशी मुद्रा के किसी धन प्रेषण की अनुमति नहीं दी जाएगी।** भारतीय एजेन्ट का कमीशन, यदि कोई होगा, तो उसके भुगतान एजेन्टों को भारत में भारतीय रुपए में करने चाहिएं, लेकिन ऐसा भुगतान लाइसेंस मूल्य का ही भाग होगा और इसलिए लाइसेंस पर ही प्रभारित किया जाएगा।

(4) **इस आयात लाइसेंस के अधीन अधिप्राप्त किए जाने वाले माल और संबंधित सेवाएं बर्लिन सैंड या अन्य किसी देश सहित जर्मनी गणतंत्र संघ से आयात किए जा सकते हैं। इसलिए विदेशी**

संभरक संविदा को पूर्ण करने के लिए यदि आवश्यक समझें तो तीसरे देश से सामान आदि अधिप्राप्त करने के लिए स्वतन्त्र हैं।

(5) जिस न्यूनतम मूल्य के लिए इस क्रेडिट के अधीन एक आयात लाइसेंस जारी किया जा सकता है वह 30,000 डी एम के रुपए के बराबर है [राजस्व (सीमा-शुल्क) विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर गिन कर तुल्य रुपया] मुद्रा विनिमय की दर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना सं० 78 आई टी सी (पीएन)/74 दिनांक 6 जून, 1974 के अनुसार आयात लाइसेंस में निर्दिष्ट होनी चाहिए।

(6) लेकिन आयात लाइसेंस लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर 24 महीने या नीचे पैरा 2(12) में यथा निर्दिष्ट पोतलदान की अन्तिम तिथि इनमें जो भी कम हो इस तक की प्रारम्भिक वैधता अवधि के साथ इस शर्त के अधीन जारी किया जाएगा कि आयात लाइसेंस की न्यूनतम वैधता जारी होने की अन्तिम तिथि से 12 महीने होगी।

(7) पक्के आदेश (जिसका अर्थ है भारतीय लाइसेंसधारी द्वारा विदेशी संभरक को क्रय आदेश और विदेशी संभरक द्वारा उस आदेश का पुष्टिकरण या भारतीय आयातक और विदेशी संभरक दोनों के द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित क्रय संविदा **(आयात लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 4 महिनों की अवधि के भीतर ही अवश्य निर्माण हो जाने चाहिएं)** देखिए नीचे का पैरा (9) समुद्र पार संभरकों के भारतीय अभिकर्ताओं को आदेश और/या ऐसे भारतीय अधिकार्ताओं द्वारा पुष्टि आदेश स्वीकार्य नही है।

(8) यदि उपर्युक्त पैरा 1(7) मे यथा उल्लिखत पक्के आदेश चार महीनों की समय सीमा के भीतर निर्णीत नही किए जा सकते है तो लाइसेंसधारी को आदेश देने की अवधि में वृद्धि मांगते हुए एक प्रस्ताव मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात (सी सी आई एण्ड ई) को या अन्य लाइसेंस प्राधिकारी को जैसे भी मामला हो, इस बात का औचित्य और स्पष्टीकरण देते हुए प्रस्तुत करना चाहिए कि प्रारम्भिक वैधता अवधि के भीतर आदेश क्यों नही दिए जा सके। आदेश देने की अवधि में वृद्धि के लिए ऐसे आवेदनों पर लाइसेंस प्राधिकारी के द्वारा गुणावगुण के आधार पर विचार किया जाएगा जो अधिक से अधिक 4 महीनों की और अवधि तक वृद्धि प्रदान कर सकता है। लेकिन, यदि वृद्धि आयात लाइसेंस के जारी होने की तिथि से 8 महीनों से अधिक मांगी जाती है तो ऐसे प्रस्ताव लाइसेंस प्राधिकारियों द्वारा निश्चयात्मक रूप से आर्थिक कार्य विभाग (डब्ल्यू ई-1 अनुभाग), वित्त मंत्रालय नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजे जाएंगे जो ऐसी वृद्धि के प्रत्येक मामले का गुणवत्ता के आधार पर विचार करेंगे और अपने निर्णय को लाइसेंस प्राधिकारियों को लाइसेंसधारी की सूचना के लिए भेजेंगे। केवल लाइसेंस प्राधिकारी वृद्धि की मंजूरी प्रदान करने वाले ऐसे पत्र लाइसेंसधारी द्वारा प्रस्तुत करने पर ही विदेशी मुद्रा की प्राधिकृत व्यापारी और विभागीय प्राधिकारी बैंक गारंटी, साख-पत्र स्थापित करने के लिए प्राधिकार-पत्र, तुल्य रुपए जमा करने की स्वीकृति आदि की सुविधा की अनुमति देंगे।

(9) लाइसेंसधारी को अपने हित के लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि पक्के आदेश की आदेश देने की निर्धारित अवधि के भीतर अन्तिम रूप दे दिया जाता है। जिन मामलों में इस बात का सुनिश्चय नही किया जा सकता, उनमें लाइसेंस प्राधिकारियों से सम्पर्क करना चाहिए। विदेशी मुद्रा विनिमय के प्राधिकृत व्यापारी सम्बद्ध विभागीय प्राधिकारी इस बात का सुनिश्चय करने के लिए आवश्यक जांच करेंगे कि लाइसेंसधारी 4 महीनों के भीतर आदेश देने की शर्तों का पालन करता है।

(10) जिन मामलों में लाइसेंस की प्रारम्भिक वैधता अवधि के दौरान लाइसेंस के पूर्ण मूल्य के लिए आदेश नही दिए गए हैं, उनमें लाइसेंसधारी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह लाइसेंस के आदेश के लिए न दिए गए ऐसे शेष मूल्य के लिए आदेश देने से पहले उपर्युक्त पैरा 1(8) में यथा उल्लिखित तरीके से लाइसेंस प्राधिकारियों की अनुमति प्राप्त करे।

खण्ड 2 : क्रय संविदाएं निर्णीत करते समय ध्यान में रखे जाने वाले विशेष लक्ष्य।

2 (1) संविदा कीमत विशेष रूप से उसी देश की मुद्रा में अभिव्यक्त होनी चाहिए जिनमें विदेशी संभरक रहता है। संविदा कीमत निश्चित और अंतिम होनी चाहिए और किसी भी वृद्धि के लिए किसी भी उपबन्ध की अनुमति नहीं होगी। यदि विदेशी संभरक के किसी भारतीय एजेंट को कोई कमीशन चुकाया जाना है तो वह भारत में भारतीय रुपए में देय लागत की मद के रूप में संविदा में अलग से प्रदर्शित किया जाना चाहिए और इसीलिए विदेशी संभरक को विदेशी मुद्रा में देय कुल धनराशि भारतीय एजेंट के ऐसे कमीशन से अलग प्रदर्शित होनी चाहिए। आयात लाइसेंस के आधार पर जिस मूल्य तक क्रय आदेश दिए जा सकते हैं, उस मूल्य की विदेशी मुद्रा में गणना करने के लिए आयात लाइसेंस का मूल्य सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 के खण्ड 15 के अन्तर्गत राजस्व विभाग (सीमाशुल्क) द्वारा अधिसूचित की गई और मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात द्वारा जारी की गई सार्वजनिक सूचना सं० 78-आईटीसी (पी एन)/74, दिनांक 6 जून, 1974 के पैरा 2 में निर्दिष्ट मुद्रा विनिमय की दर पर परिकलित किया जाना चाहिए।

(2) निजी क्षेत्र आयातकों के मामले में संभरण आदेश या तो लागत-बीमा-भाड़ा या लागत और भाड़ा आधार पर दिए जाने चाहिए। सार्वजनिक क्षेत्र के आयातकों के मामलों में आदेश केवल लागत और भाड़ा के आधार पर दिए जाने चाहिएं।

(3) यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि आयात लाइसेंस के अधीन क्रय संविदाएं विदेशी संभरकों से तुलनात्मक बोलियां प्राप्त करने के बाद करनी चाहिएं। इस संबंध में यह नोट कर लेना चाहिए कि भारतीय आयातक अपनी पसंद के किसी भी देश से आयात करने के लिए स्वतन्त्र हैं।

(4) **अर्हक संविदा के लिए न्यूनतम मूल्य**—बशर्ते कि एक आयात लाइसेंस के अन्तर्गत क्रय संविदा का समस्त मूल्य 30,000 डी एम से कम (उन खरीद के मामले में जो पूर्णतया जर्मनी गणतन्त्र संघ से किए गए हैं) या 30,000 डी एम के बराबर (उन मामलों में जहां जर्मनी गणतंत्र संघ से भिन्न देशों से खरीद पूर्णतया या अंशतः किए गए हैं) होना चाहिए तो आयातक के लिए यह स्वीकृति है कि वह 30,000 डी एम से कम या 30,000 डी एम के बराबर अलग-अलग संविदाएं करें। किन्तु एक आयात लाइसेंस के अधीन उन क्रय संविदाओं के मामले में जिनका मूल्य डी एम 10,00,000 के बराबर से अधिक नहीं होता तो यह नीचे की कंडिका 2(13) में निर्धारित शर्तों के अधीन है।

(5) (क) आयात लाइसेंस के अन्तर्गत क्रय संविदाओं का भारत सरकार और क्रेडिटान्सटाल्ट फार वीडरऑफबाऊ (के एण्ड डब्ल्यू)

(पश्चिमी जर्मनी विकास बैंक जिसके माध्यम से 3 करोड़ 50 लाख डी० एम० का पूंजीगत माल क्रेडिट उपलब्ध किया जाता है द्वारा विशेष रूप से अनुमोदन किया जाना आवश्यक है और इसीलिए क्रय संविदा में इस सम्बन्ध में एक विशेष धारा समाविष्ट करनी चाहिए ।

(ख) एक आयात लाइसेंस के प्रति की गई ऐसी संविदा जिनका मूल्य विभाग 10 लाख डी० एम० के बराबर रुपए या इससे कम हो (राजस्व "सीमा-शुल्क" विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर संगणित), के मामले में संविदाओं को अनुमोदन की सूचना विशेषतया आयातक को नहीं दी जाएगी। आयातक को सूचना देते हुए वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग द्वारा के० एफ० डब्ल्यू० को एक बार ही संविदा दस्तावेज भेज देने पर आयातक उसी रूप में आगे कार्रवाई कर सकता है जैसा कि के० एफ० डब्ल्यू० द्वारा संविदा अनुमोदित कर दी गई हो और यह कार्रवाई तब तक कर सकता है जब तक कि के० एफ० डब्ल्यू० कोई आपत्ति नहीं करता, के० एफ० डब्ल्यू० कोई आपत्ति करेगा तो वह सही ढंग से आयातक को सूचित कर दी जाएगी।

(ग) आयात लाइसेंस के प्रति की गई ऐसी संविदा जिनका मूल्य 10 लाख डी० एम० के बराबर रुपये की धनराशि से अधिक हो (राजस्व "सीमा-शुल्क" विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर संगणित), के मामले में पहले भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा के० एफ० डब्ल्यू से अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा और यह अनुमोदन विशेष रूप से भारतीय आयातक को भेजा जाएगा और जब तक यह ऐसा न हो तब तक संविदाएं अन्तिम समझी जानी चाहिए। इस कार्य के लिए एक प्रमाण पत्र (तीन प्रतियों में) के साथ क्रय संविदा की तीन प्रतियां इस संबंध में भारतीय आयातक द्वारा वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (ईसी-आई अनुभाग) कमरा नं० 169, नार्थ ब्लाक को क्रय संविदा के निर्णीत होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर भेजी जानी आवश्यक है कि विदेशी संभरकों से तुलनात्मक बोलियां प्राप्त करने के बाद ही आदेश दिए गए हैं।

(6) जिस मामले में संविदा लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर की गई है और विदेशी संभरक तदनुसार जहाजी बीमा प्राप्त करता है, उसमें विदेशी संभरक को स्वतन्त्र रूप से परिवर्तनीय मुद्रा में बीमा प्राप्त करने की व्यवस्था करनी चाहिए और सम्बद्ध बीमा कम्पनी से इस सम्बन्ध में एक वचनपत्र प्राप्त करना चाहिए कि यदि कोई बीमा धनराशि का भुगतान करना पड़ा तो वह डी० एम० में सीधे के० एफ० डब्ल्यू० को किया जाएगा (डयूटशे बन्डेसबैंक फ्रैंकफर्ट/मेन लेखा सं० 50409100)।

(7) **जिस मामले में संविदाएं लागत और बीमा भाड़ा के आधार पर की गई हैं,** उसमें जहाजी बीमा किसी भारतीय बीमा कम्पनी के साथ करना चाहिए और तदनुसार बीमा किश्त भारतीय रुपए में चुकानी चाहिए । **लेकिन आयातक को भारतीय बीमा कम्पनी से निम्नलिखित वचनपत्र प्राप्त करना चाहिए और उसकी संविदा दस्तावेजों के साथ आर्थिक कार्य विभाग,** वित्त मंत्रालय (ईई-1 अनुभाग) को भेजनी चाहिए :—

"हम किसी भी उस प्रतिस्थापन के लिए समुद्र पार संभरकों को विदेशी मुद्रा में धन प्रेषण करेंगे जिसकी आवश्यकता माल की हानि या टूट-फूट के लिए हो सकती है ।"

(8) चूंकि संविदाएं उपर्युक्त पैरा 2(2) के अनुसार या तो लागत-बीमा-भाड़ा के आधार पर या लागत और भाड़ा के आधार पर करना आवश्यक है, इसलिए चाहे भारतीय जहाज भी क्यों न उपयोग किए गए हो फिर भी विदेशी मुद्रा में भाड़ा खर्चा चुकाने के लिए विदेशी संभरक को उत्तरदायी बनाना चाहिए । **भाड़ा खर्चा किसी भी परिस्थिति में भारतीय रुपए में चुकाना चाहिए ।**

(9) **लाइसेंस के प्रति विदेशी संभरकों को भुगतान नीचे खण्ड-3 में यथा उल्लिखित विशेष साखपत्र के माध्यम से किए जाएंगे और इस कार्य के लिए आयात लाइसेंस के प्रति धन प्रेषण की किसी भी सुविधा की अनुमति नहीं दी जाएगी ।**

(10) आयात लाइसेंस के आधार पर खरीदे गए माल के परिवहन का जहां तक संबंध है, इस विषय में क्रय संविदा के अधीन माल के पोतलदान की व्यवस्था करने के लिए उत्तरदायी पार्टी ही वाहनों को चुनने के लिए स्वतन्त्र होगी । **पोतलदान जिस देश में संभरक बताए गए हैं वहां से या तीसरे देश से किया जा सकता है ।**

(11) बर्लिन लैण्ड सहित जर्मनी गणतन्त्र संघ से खरीद के मामले में जिन संविदाओं का मूल्य 10 लाख डी एम से अधिक है उनके लिए, या अन्य देशों से खरीद के मामले में जिन संविदाओं का मूल्य 10 लाख डी० एम० के बराबर या डी० एम० से अधिक है उनके लिए संभारित किए गए माल के निष्पादन के संबंध में विदेशी संभरक द्वारा निष्पादन गारंटी को प्रस्तुत करने के लिए क्रय संविदाओं में व्यवस्था होनी चाहिए । (अन्य संविदाओं के मामले में अर्थात् उन संविदाओं के लिए जिनका मूल्य उपर्युक्त निर्दिष्ट सीमा से कम है, भारतीय आयातक इस प्रश्न का निश्चय करने के लिए स्वतंत्र है कि उसे विदेशी संभरक से निष्पादन गारंटी की आवश्यकता है या नहीं) लेकिन, गारंटी निष्पादन का प्रारूप भारतीय आयातक और विदेशी संभरक द्वारा परस्पर सहमति से तय किया जा सकता है । लेकिन, भारतीय आयातक को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि निष्पादन गारंटी से उत्पन्न यदि कोई भुगतान विदेशी संभरक से उसको देय हो तो उसका करार क्रेडिटान्सटाल्ट कर वीडरॉफबाउ (डयूटशे बन्डेसबैंक फ्रैंकफर्ट/मेन लेखा सं० 50409100) से सीधे किया जाना चाहिए।

(12) आयात लाइसेंस के अधीन विदेशी संभरकों को भुगतान 31-12-1981 तक पूर्ण हो जाने चाहिए । इसलिए क्रय आदेश/संविदाओं में पोतलदानों को पूर्ण करने और 31-12-1981 तक भुगतान करने का सुनिश्चय करने के लिए उचित उपबन्ध होना चाहिए । यदि किसी मामले में यह आशा की जाती है कि भुगतान उस तिथि तक पूर्ण नहीं किए जा सकते है तो पर्याप्त औचित्य देते हुए आर्थिक कार्य विभाग (सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक, यूसीओ बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली) से समय वृद्धि के लिए 31 अक्तूबर 1981 तक आवेदन करना चाहिए । ऐसे आवेदनों पर गुणावगुण के आधार पर विचार किया जाएगा।

(13) जिन आयात लाइसेंसों का मूल्य 10 लाख डी० एम० के बराबर रुपए से अधिक नहीं होता है, उनके मामले में भारतीय आयातक द्वारा कुल संविदाएं आर्थिक कार्य विभाग को एक ही बार प्रस्तुत करना आवश्यक है । संविदाओं को खंडों में प्रस्तुत करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में उपर्युक्त पैरा 2(4) में वर्णित अर्हक संविदाओं के लिए न्यूनतम मूल्य ध्यान में रखना चाहिए ।

खण्ड 3—विदेशी संभरकों को भुगतान—"विशेष" साखपत्र जिया विधि

3(1) प्राधिकारीपत्र जारी करने के लिए आवेदनपत्र.—जिस आयात लाइसेंस का कुल मूल्य 10 लाख डी० एम० के बराबर रुपए से अधिक नहीं होता (राजस्व सीमाशुल्क विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर) उसके प्रति संभरकों के साथ क्रय संविदाएं निर्णित हो जाने के 15 दिनों के भीतर या जिस आयात लाइसेंस का मूल्य 10 लाख डी० एम० के

बराबर रुपये से अधिक होता है (राजस्व "सीमाशुल्क" विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर) उसके प्रति की गई संविदाओं के के० एफ० डब्ल्यू० के अनुमोदन की सूचना देते हुए भारत सरकार के पत्र [देखिए उपर्युक्त पैरा 2 (5)(ग)] की तिथि से 15 दिनों के भीतर इनमें से जो भी मामला हो, उसमें लाइसेंसधारी सम्बद्ध विदेशी संभरक के पक्ष में एक अपरिवर्तनीय साखपत्र खोलने के लिए प्राधिकारपत्र को जारी करने के लिए वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, डब्ल्यू० ई-1 अनुभाग, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करेगा :—

(क) जिस आयात लाइसेंसों का मूल्य 10 लाख डी०एम० के तुल्य रुपए से अधिक नहीं होता उनके लिए की गई संविदाओं के संबंध में :—

(1) क्रय आदेश की तीन प्रतियां, और विदेशी संभरकों द्वारा क्रय आदेश के पुष्टिकरण की तीन प्रतियां जो क्रमशः आयातक एवं संभरक द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित हों या उनकी फोटो प्रतियां साक्ष्यांकित प्रतियां या भारतीय अभिकर्त्ताओं को दिए गए आदेश और ऐसे अभिकर्त्ताओं द्वारा की गई पुष्टि स्वीकार्य नहीं है ;

या

क्रय संविदा की तीन प्रतियां, भारतीय आयातक और विदेशी संभरक दोनों द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित या उनकी फोटो प्रतियां, साक्ष्यांकित प्रतियां या भारतीय अभिकर्त्ताओं को दिए गए आदेश और ऐसे अभिकर्त्ताओं द्वारा की गई पुष्टि स्वीकार्य है ;

(2) अनुबंध-2 में निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकारपत्र जारी करने के लिए आवेदनपत्र (दो प्रतियों में);

(3) विदेशी मुद्रा का व्यापार करने वाले प्राधिकृत एक भारतीय बैंक से अनुबंध 3 के रूप में निर्धारित प्रपत्र में एक बैंक गारंटी (सार्वजनिक क्षेत्र के आयातकों के मामले में लागू नहीं);

(4) लागत और भाड़ा संविदा के मामले में भारतीय बीमा कंपनी के बचनपत्र की तीन प्रतियां देखिए उपर्युक्त पैरा 2 (7);

(5) इस संबंध में तीन प्रतियों में एक प्रमाणपत्र कि विदेशी संभरकों से तुलनात्मक बोलियां प्राप्त करने के बाद आदेश दिए गए हैं, देखिये उपर्युक्त पैरा 2 (3); और

(6) इस संबंध में एक प्रमाणपत्र की लाइसेंस के अधीन आगे कोई भी संविदा नहीं की जाएगी, देखिए उपर्युक्त पैरा 2 (13) ।

(ख) जिस आयात लाइसेंस का मूल्य 10 लाख डी०एम० के तुल्य रुपए से अधिक होता है उसके प्रति की गई संविदाओं के संबंध में, पहले भेजे गए संविदा दस्तावेजों (जिनके संबंध में के० एफ० डब्ल्यू० का अनुमोदन वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग द्वारा प्राप्त किया जाएगा) देखिए उपर्युक्त 2 (5) (ग) के अतिरिक्त निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत किए जाएंगे :—

(1) अनुबंध-2 में निर्धारित प्रपत्र में प्राधिकारपत्र जारी करने के लिए एक आवेदनपत्र (दो प्रतियों में);

(2) विदेशी मुद्रा का व्यापार करने के लिए प्राधिकृत एक भारतीय बैंक से अनुबंध 3 के रूप में निर्धारित प्रपत्र में एक बैंक गारंटी (सार्वजनिक क्षेत्र के आयातकों के मामले में लागू नहीं); और

(3) लागत और भाड़ा संविदा के मामले में भारतीय बीमा कंपनी से बचनपत्र की तीन प्रतियां, देखिए उपर्युक्त पैरा 2 (7) ।

3. (2) यह स्पष्ट किया जाता है कि सार्वजनिक क्षेत्र के आयातकों के मामले में किसी भी बैंक गारंटी की आवश्यकता नहीं है ।

3. (3) साखपत्र खोलना

साखपत्र इस प्रयोजन के लिए पश्चिम जर्मन में मनोनीत निम्नलिखित सात बैंकों में से किसी एक बैंक में प्राधिकारपत्र के बल पर खोला जा सकता है :—

(1) दि बेयरिये वेरिन्स बैंक, म्युनिख,

(2) दि कामर्स बैंक, ए० जी० फ्रैंकफर्ट,

(3) दि डयूजगे बैंक, ए० जी० हेम्बर्ग,

(4) दि ड्रेस्डनर बैंक, ए० जी० जंगफर्नस्टी हेम्बर्ग,

(5) बर्लिनर हेन्डिस गेसल शेफ्ट फ्रैंकफर्ट बैंक,

(6) स्टेट बैंक आफ इंडिया फ्रैंकफर्ट,

(7) बेरिन्स एंड वेस्ट बैंक, हेम्बर्ग ।

आयातकों (सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र दोनों के) और उनके बैंकरों को उपर्युक्त पैरा 3 (3) में उल्लिखित सात बैंकों में से उनके द्वारा चुने गए जर्मनी के बैंक को विशेष रूप से निर्दिष्ट करना चाहिए ।

3(4) (क) जिस आयात लाइसेंस का मूल्य 10 लाख डी०एम० के बराबर रुपया या इससे कम है उसके प्रति आदेशों के मामले में पक्के आदेश देने की तिथि से; या

(ख) जिस आयात लाइसेंस का मूल्य 10 लाख डी० एम० के बराबर रुपए से अधिक है उसके प्रति संविदा के मामले में वित्त मंत्रालय आर्थिक कार्य विभाग द्वारा संविदा के अनुमोदन के पत्र की तिथि से इनमें जो भी मामला हो उसमें 15 दिनों के भीतर प्राधिकारपत्र जारी करने के लिए आवेदन करने में असफल रहने पर आयात नियंत्रण विनियमों का उल्लंघन समझा जाए ।

3.(5) बैंक गारंटी—वह धनराशि जिसके लिए यह निष्पादित करना चाहिए

जहां कहीं आवश्यक हो, बैंक गारंटी जिस धनराशि के लिए विदेशी मुद्रा में साख-पत्र मांग गया है उसके तुल्य रुपए के घोलक धनराशि के लिए प्रासंगिक तथा बचनबद्धता खर्चों और इसके अतिरिक्त ब्याज तथा अनुबंध-5में यथा उल्लिखित अन्य खर्चों के लिए इस धनराशि के 1% के लिए होनी चाहिए । **परिवर्तन की प्रचलित दर सीमा-शुल्क अधिनियम, 1962 के खंड 15 के अन्तर्गत राजस्व (सीमा-शुल्क) विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर और सार्वजनिक सूचना सं० 78-आई०टी०सी० (पी०एम०/74, दिनांक 6-6-1974 के पैरा 2 के अनुसार आयात लाइसेंस में निर्दिष्ट दर होगी । इस दर का तात्पर्य केवल आयातक द्वारा भेजी जाने वाली बैंक गारंटी का मूल्य निकालने के लिए है । लाइसेंस के अधीन किए गए आयातों की विदेशी मुद्रा लागत के प्रति सरकारी लेखे में रुपया विनिक्षेप करने के लिए तुल्य रुपए की गणना विदेशी संभरक को भुगतान की व्यवस्था करते समय जर्मन बैंक द्वारा खर्च की गई डी०एम० धनराशि के लिए मिश्रित दर पर करनी होगी अर्थात् या तो डी०एम० में, यदि विदेशी संभरक पश्चिमी (बर्लिन लैंड सहित) में रहता है या समय समय पर यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं० 15-आई०टी०सी०(पी० एम०)/72, दिनांक 28-1-72, सार्वजनिक सूचना सं० 108-आई०टी०सी० (पी०एम०)/72 दिनांक 21-7-72 और 8-आई०टी०सी०(पी०एम०)/76 दिनांक 17-1-76 के अनुसार किसी अन्य देश जिसमें विदेशी संभरक रहता है, की मुद्रा में भुगतान को प्रभावी करने के लिए डी०एम० धनराशि में आगे नोटिस जारी होने तक इस संबंध में जब और जैसे ही कोई परिवर्तन आवश्यक होगा अधिसूचित कर दिया जाएगा ।**

3.(6) प्राधिकारपत्र जारी करना

यदि उपर्युक्त पैरा 3 (1) मे निर्दिष्ट दस्तावेज नहीं पाए जाएंगे तो पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्य बैंक में आयातक को भारतीय बैंक द्वारा खोले जाने वाले "विशेष साख्यपत्र के आधार पर विदेशी संभरकों को निर्धारित धनराशि तक भुगतान करने के लिए प्राधिकृत करते हुए वित्त मंत्रालय (लेखा तथा लेखा परीक्षा निर्यंत्रक) आर्थिक कार्य विभाग, यू० सी० ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्यक को एक प्राधिकारपत्र (अनुबंध 4 के अनुसार) जारी करेगा। ऐसे प्राधिकारपत्र की एक प्रति भारतीय लाइसेंसधारी को भेजी जाएगी। मूल प्राधिकारपत्र उसी एक प्रति के साथ साख्यपत्र खोलने के लिए प्राधिकृत सम्बद्ध भारतीय बैंक को इसके द्वारा खोले गये साख्यपत्र के साथ मूल प्राधिकार की पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्यक बैंक को भेजने के लिए आदेश देते हुए भेजा जाएगा। (ऐसा निर्देशन अनुबंध 5 के अनुसार होगा) इसकी एक प्रति आयातक को भी जाएगी।

जब तक इस पैरे में यथा उल्लिखित प्राधिकारपत्र भारतीय बैंक ने सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय से सीधे प्राप्त कर लिया हो तब तक भारत के किसी भी बैंक को साख्यपत्र स्थापित करने के लिए लाइसेंसधारी को सुविधाएं प्रदान नहीं करनी चाहिए।

3.(7) पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्यक बैंक में "विशेष" साख पत्र प्राधिकार पत्र जारी होने की तिथि से 30 दिनों के भीतर सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को सूचना देते हुए खोला जाना चाहिए। अन्यथा पहले ही जारी किया गया प्राधिकारपत्र वैध नहीं समझा जाएगा।

3. (8) अपेक्षित दस्तावेजो और विवरणपत्रों को एकत्र करने पर पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्यिक बैंक द्वारा विदेशी संभरकों को भुगतान किए जाएंगे। जिस मामले में विदेशी संभरक जर्मनी गणतंत्र संघ (बर्लिन लैंड सहित) से अन्य देश में रहता है उसमें भी समझौते की बातचीत और दस्तावेजों का भुगतान पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्य बैंक द्वारा किए जाएंगे। पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्य बैंक पश्चिमी जर्मनी प्राधिकारियों से डी० एम० धनराशि की अदायगी प्राप्त करेगा। जर्मनी गणतंत्र संघ से अन्य देशों द्वारा संभरण के मामले में पश्चिम जर्मनी में नामित वाणिज्य बैंक विदेशी संभरकों को जिस देश में वे रहते है उसी देश की मुद्रा में भुगतान करने के लिए अपने द्वारा खर्च की गई धनराशि की अदायगी डी० एम० जर्मनी के प्राधिकारियों से प्राप्त करेगा।

3. (9) जर्मनी गणतंत्र संघ मे भुगतान के लिए और तीसरे देश में भुगतान की व्यवस्था करने के लिए भी जर्मनी के बैंक द्वारा किए गए आनुषंगिक बैंक खर्चे जिस मामले में भी लागू होंगे, वे भारत के सम्बद्ध बैंक द्वारा जर्मन बैंक को सामान्य बैंक प्रणाली मे भारत सरकार के लेखे को प्रभावित किए बिना प्रेषित किए जाएंगे।

खंड-4 सरकार के लेखे में रुपया जमा करने के लिए उत्तरदायित्व

(1) बर्लिन लैंड सहित पश्चिमी जर्मनी से और अन्य देशो से आयातों के दोनों में पश्चिमी जर्मनी के नामित वाणिज्यिक बैंक द्वारा मूल लदान दस्तावेज भारत में सम्बद्ध बैंक को भेजने चाहिएं जो दस्तावेजों की प्राप्ति के 10 दिनों के भीतर इन परक्राम्य दस्तावेजों के सेट को लाइसेंसधारी को केवल इस बात का सुनिश्चय करने के बाद देगा कि पश्चिम जर्मनी नामित वाणिज्य बैंक द्वारा जर्मनी के संभरकों को चुकाई गई डी० एम० धनराशि के बराबर रुपया या जर्मनी के सम्बद्ध बैंक द्वारा तीसरे देश में संभरक को भुगतान करने की व्यवस्था करने में खर्च की गई डी० एम० धनराशि और इसका 1% आनुषंगिक का और वचनबद्धता खर्चों के लिए और विदेशी संभरक को भुगतान करने की तिथि से सरकार के लेखे में तुल्य रुपया जमा करने की तिथि तक (दोनों दिन मिलाकर) की अवधि के लिए उपर्युक्त कुल धनराशि ब्याज खर्चे आयातक से प्राप्त कर लिए जाने है और सरकारी लेखे में जमा किए गए है। सार्वजनिक सूचना सं० 48—आई० टी० सी० (पी० एन०)/76, दिनांक 16 जून, 1976 के अनुसार ब्याज खर्चे की गणना निम्नलिखित अनुसार की जाएगी।

15 जून, 1976 को या इसके बाद सरकारी लेखे में जमा करने की दर:—

(1) जहां संभरक को भुगतान की तिथि 30 दिनों के भीतर निक्षेप किए जाते है— 9 प्रतिशत प्रति वर्ष

(2) जहां संभरक को भुगतान की तिथि से 30 दिनों के बाद निक्षेप किए जाते हैं—

(क) पहले 30 दिनों के लिए 9 प्रतिशत प्रति वर्ष

(ख) 30 दिनो से अधिक अवधि के लिए 15 प्रतिशत

विदेशी संभरकों को विदेशी मुद्रा के तुल्य रुपए में किए गए भुगतान की गणना के लिए अपनाई जाने वाली विनिमय दर मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचना सं० 8 आई०टी०सी० (पी०एन०)/76 दिनांक 17-1-76 में यथा निर्धारित मिलीजुली दर होगी या समय-समय पर मुख्य नियंत्रक आयात-निर्यात की सार्वजनिक सूचनाओं के माध्यम से या रिजर्व बैंक आफ इण्डिया के विनिमय नियंत्रण परिपत्रों के माध्यम से सरकार द्वारा अधिसूचित की जाने वाली दर हो सकती है। भारतीय सम्बद्ध **बैंक की यह जिम्मेदारी होगी कि आयातकों को मूल पोतलदान दस्तावेजों के सौंपने से पूर्व यह सुनिश्चित कराए कि देय धनराशि ठीक प्रकार सरकारी लेखे में जमा करा दी गई है।** लाइसेंसधारी को यह भी सुनिश्चय करना चाहिए कि उनके बैंकरों से दस्तावेजो को लेने से पूर्व सरकारी लेखे में देय धनराशि ठीक प्रकार से जमा करा दी गई है।

4(2) उपर्युक्त 4(1) में विचार किए गए निक्षेपो की धनराशि या तो रिजर्व बैंक आफ इण्डिया नई दिल्ली में या स्टेट बैंक आफ इण्डिया तीस हजारी दिल्ली-6 में नकद जमा की जा सकती है या यदि वह सुविधाजनक न हो तो वह धनराशि एजेन्ट स्टेट बैंक आफ इण्डिया तीस हजारी दिल्ली-6 के नाम डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से सार्वजनिक सूचना सं० 74-आई०टी०सी० (पी०एन०)/74, दिनांक 31 मई, 1974 और सार्वजनिक सूचना सं० 132 आई०टी०सी० (पी०एन०)/71 दिनांक 5 अक्तूबर, 1971 द्वारा यथा संशोधित सार्वजनिक सूचना सं० 233-आई०टी०सी० (पीएन)/68, दिनांक 24 अक्तूबर, 1968 के अनुसार अपेक्षित सरकारी लेखे में जमा करने के लिए प्रेषित की जा सकती है। धनराशि जमा करने के लिए लेखा शीर्ष में "डिपोजिट्स एण्ड एडवान्सिज-बी" डिपोजिट्स नोट बियरिंग इन्ट्रेस्ट-843-मिविल डिपोजिट्स, डिपोजिट्स फार परचेजिज एक्सेट्रा व एक्रोड डायरेक्ट पेमेंट प्रोसीजर डिपोजिट्स फार फोस्ट आफ सप्लाइज एंड एक्विपमेंट आवर्टेड अन्डर दि बेस्ट जर्मन केपिटल गुड्स क्रेडिट फार 1978-79 (डी एम 3 करोड़ 50 लाख)" है।

1(3) धन परेषण सार्वजनिक सूचना सं० 74-आई०टी०सी० (पी०एन०)/74, दिनांक 31-5-74 में निर्धारित किए गए चालान प्रपत्र द्वारा जारी किए जाएंगे।

4(4) रिजर्व बैंक आफ इण्डिया नई दिल्ली या स्टेट बैंक आफ इण्डिया तीस हजारी, दिल्ली-6 से चालान की एक प्रति या स्टेट बैंक आफ इण्डिया तीस हजारी दिल्ली-6 को डिमाण्ड ड्राफ्ट प्रस्तुत करने के सम्बन्ध में सूचना जिस भारतीय बैंक ने गारन्टी जारी की है उसके द्वारा सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, यू०सी०ओ० बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली को पश्चिम जर्मनी के नामित बैंक से प्राप्त की गई सूचना टिप्पणियों का पूर्ण ब्यौरा देते हुए अपेक्षण पत्र के साथ भेजी जाएगी।

4(5) केवल प्राधिकृत व्यापारियो के माध्यम से अपेक्षित रुपया जमा करने और सार्वजनिक सूचना सं० 184-आई०टी०सी० (पीएन)/68 दिनांक 30 अगस्त, 1968 के अनुसार उन्हीं से लाइसेंस की मुद्रा-विनिमय नियंत्रण प्रति भी पृष्ठांकित कराना आयातकों के लिए अनिवार्य होगा। उन्हें रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा यथा निर्धारित अपेक्षित "एस" प्रपत्र

की भरना चाहिए।

4(6) एक लाइसेंस के अधीन आयात पूर्ण कर लेने के बाद और देय सभी धनराशि आयातकों/बैंकरों द्वारा सरकारी लेखे में जमा कर देने पर प्राप्त किए गए आयात माल और जमा किए गए रुपए के ब्यौरे सहायता लेखा तथा लेखा परीक्षा नियंत्रक वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग नई दिल्ली-1, यूसी श्रो बैंक बिल्डिंग को अनुबन्ध-6 में यथा निर्धारित प्रपत्र में प्रस्तुत करने चाहिए जिससे कि वित्त मंत्रालय उनका सत्यापन करके जहां आवश्यक हो, आयातकों द्वारा प्रस्तुत की गई बैंक गारन्टी को रिहा करने के लिए व्यवस्था कर सके।

खंड-5 संविदा में परिवर्तन

संविदाओं की माल की सूची, शर्तों या भुगतान की अनुसूची माल के मूल्य आदि से संबंधित किसी भी महत्वपूर्ण परिवर्तन के लिए वित्त मंत्रालय और के एफ डब्ल्यू प्राधिकारियों का अनुमोदन प्राप्त करना आवश्यक होगा, इसके परिणाम स्वरूप चाहे भुगतान पहले करना पड़े या उसको स्थगित करना पड़े।

आयातकों द्वारा उपर्युक्त पैरा 2(5) में यथा उल्लिखित तरीके से भारत सरकार/के एफ डब्ल्यू के अनुमोदन के लिए कार्रवाई हेतु ऐसे परिवर्तन की सूचना आर्थिक कार्य विभाग वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली (एमईसी 1-अनुभाग), नार्थ ब्लाक को तुरन्त देनी चाहिए।

खंड-6 रिपोर्ट भेजना

आदेश ने, माल की सुपुर्दगी, विदेशी संभरकों को भुगतान आदि का प्रदर्शित करते हुए लाइसेंस के जारी होने की तिथि से प्रारम्भ करके अनुबन्ध 7 के अनुसार एक त्रैमासिक रिपोर्ट दो प्रतियों में वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (एमईसी-1 अनुभाग), कमरा नं० 69, नार्थ ब्लाक, नई दिल्ली को भेजनी चाहिए और इसको भेजना तब तक जारी रखना चाहिए जब तक कि संविदा के अधीन सभी पोतलदान और सभी भुगतान पूर्ण न कर लिए जाएं। दस लाख डीएम के तुल्य रुपए (राजस्व "सीमा शुल्क" विभाग द्वारा अधिसूचित मुद्रा विनिमय की दर पर) से अधिक के आवंटन के मामले में ऊपर उल्लिखित त्रैमासिक रिपोर्ट के अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष 30 जून और 31 दिसम्बर को अनुबन्ध-8 में निर्धारित प्रपत्र में एक अर्धवार्षिक रिपोर्ट (दो प्रतियों में) भी यदि कोई विशेष घटना हो तो उस पर परियोजना की प्रगति पर और परियोजना को पूर्ण करने के लिए समय समय अनुसूची के पालन पर प्रस्तुत करनी चाहिए और इसके साथ आयात करने वाली भारतीय कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट (दो प्रतियों में) भी जब तक परियोजना पूर्ण नहीं हो जाती कम से कम तीन वर्षों तक भेजना आवश्यक होगा।

खंड-7 विधि शर्तें

7(1) लाइसेंस धारी को आयात लाइसेंस में किसी भी ऐसी शर्त से संभरक को अवगत कराना ही चाहिए जो लेन-देन का अनुपालन करने में संभरकों को प्रभावित करे,

7(2) विवाद :—यह समझ लेना चाहिए कि भारतीय आयातक और विदेशी संभरक के बीच यदि कोई भी विवाद उठेगा तो भारत सरकार उसके लिए कोई भी उत्तरदायित्व नहीं लेगी।

7(3) अनुदेशों का पालन :—आयात लाइसेंस से सम्बन्धित उसके कारण उठने वाले किसी एक या सभी मामलों के सम्बन्ध में के एफ डब्ल्यू प्राधिकारियों के साथ 3 करोड़ 50 लाख डीएम के पूंजीगत माल समझौते के अधीन सभी उत्तरदायित्वों को करने के लिए भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए किसी भी निदेश अनुदेश और आदेश का लाइसेंसधारी को तुरन्त पालन करना होगा।

7(4) अतिक्रमण या उल्लंघन :—

उपर्युक्त धाराओं में निर्धारित शर्तों का किसी भी प्रकार का अतिक्रमण या उल्लंघन करने पर आयात तथा निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम के अधीन उचित कार्रवाई की जाएगी।

की अनुसूची :—

अनुबन्ध-1—परियोजना आंकड़ों का प्रपत्र

अनुबन्ध 2 —प्राधिकारपत्र को जारी करने के लिए आवेदन का प्रपत्र

अनुबन्ध-3 बैंक गारन्टी का प्रपत्र

अनुबन्ध-4—प्राधिकारपत्र का प्रपत्र

अनुबन्ध-5—प्राधिकारपत्र को भेजने के लिए अनुदेशों का पत्र

अनुबन्ध-6—बैंक गारन्टी की रिहाई के लिए रुपया निक्षेपों की रिपोर्ट व आवेदनपत्र का प्रपत्र

अनुबन्ध-7—त्रैमासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए प्रपत्र

अनुबन्ध-8—(अर्धवार्षिक प्रगति रिपोर्ट का प्रपत्र। लाख रुपए से अधिक के मामले के लिए लागू है।

अनुबन्ध-1

परियोजना आंकड़ा प्रपत्र

क्रेडिटान्स्टाल्फर वाइड्रोपबो

6. फ्रेंक-फर्ट मेन, जर्मनी संघीय गणराज्य पालमन-गरिटेन्सट्रसी 5-9

जर्मन पूंजीगत माल ऋण से विदेशी मुद्रा के लिए

आवेदन पत्र

परियोजना आंकड़ा

(1) आवेदक (फर्म)

(क) पंजीकृत कार्यालय (राज्य सहित पता)

(ख) सार्वजनिक क्षेत्र या निजी क्षेत्र संस्थान

(ग) व्यापार लाइन/उद्योग की शाखा

(घ) कंपनी के भागीदार

(ङ) विदेशी सहयोग समझौता

(2) अर्थयुक्त किए जाने वाले पूंजीगत माल की किस्त

(3) पूंजीगत माल के चुनाव का आधार—कृपया अपनाई गई प्रापण क्रियाविधि का संकेत करें। चूंकि पूंजीगत माल ऋण किसी भी विदेश से खरीद के लिए उपलब्ध है इसलिए इस संबंध में संकेत किया जाना चाहिए कि विभिन्न देशों में निविदा पूछताछ की गई/चालू की गई थी और वह आधार क्या है जिसके लिए विशेष संभरक का चुनाव किया गया है।

(4) संभरक (नाम और पता)

(5) संपूर्ण परियोजना का संक्षिप्त विवरण (जिसके लिए ऐसे पूंजीगत माल की आवश्यकता है)

(6) निम्नलिखित आंकड़ों के विश्लेषण के साथ संपूर्ण परियोजना की स्थानीय और विदेशी मुद्रा में कीमत :—

—भूमि एवं भवन

—मशीनरी एवं उपकरण

—परिचालन निधि

—विविध

(7) संपूर्ण परियोजना के लिए स्थानीय एवं विदेशी वित्तीय स्रोत (वित्तदान के साधनों से संबंधित मात्रिक विवरण। इस बात की पुष्टि कर लेनी चाहिए कि रुपया-वित्तदान सुरक्षित है और इस आवेदनपत्र के अंतर्गत न आने वाली विदेशी मुद्रा की आवश्यकताएं पूरी कर ली जाती है।

(8) प्राप्त किए गए औद्योगिक लाइसेंस के लिए उद्देश्य पत्र

(9) संतुलनपत्र एवं लाभ तथा हानि लेखे के साथ गत दो वर्षों की वार्षिक रिपोर्ट यदि उपलब्ध हो तो नकदी-गति एवं लाभ का पूर्वानुमान।

(10) क्षमता

(क) गत दो वर्षों के दौरान वर्तमान क्षमता का औसत उपयोग,

(ख) उपयोगार्थीन के मामले में कृपया मुख्य कारण दें।

(11) बिक्री (गत दो वर्ष की)

(12) विनिमाण किए जाने वाले उत्पादों की मार्किट स्थिति (यदि संभव हो तो भूत एवं सम्भावी विकास के आकड़ों का प्रदर्शित करें।

(13) रोजगार

(क) कर्मचारियों की वर्तमान संख्या

(ख) परियोजना पूर्ण होने के बाद अतिरिक्त कर्मचारी।

(14) कच्चे माल के संभरण स्रोत

(15) परियोजना के निष्पादन के लिए समय-सारिणी।

अनुबन्ध-2

प्राधिकार पत्र जारी करने के लिए आवेदन पत्र

सेवा में,

सहायता लेखा एवं लेखा परीक्षा नियंत्रक,
वित्त मंत्रालय,
आर्थिक कार्य विभाग,
यू सी ओ बैंक बिल्डिंग, पार्लियामेंट स्ट्रीट,
नई दिल्ली।

विषय: 1978–79 (डी एम 3 करोड़ 50 लाख) के लिए पश्चिम जर्मन पूंजीगत माल क्रेडिट के अंतर्गत ………………… से ……………… का आयात।

महोदय,

ऊपर उल्लिखित पश्चिम जर्मनी पूंजीगत माल क्रेडिट के अंतर्गत ………………… से ……………… का आयात करने के संबंध में हम निम्नलिखित ब्यौरा आपको देते है ताकि आप ……………………… के माध्यम से वैयरिस्से वेरेस म्युनिख अथवा कार्मेज बैंक, ए जी फ्रैंकफर्ट अथवा ड्यूत्सचे बैंक ए जी हम्बर्ग अथवा ड्रेसडेनर बैंक ए जी ओफरस्टौफ, हम्बर्ग अथवा फ्रैंकफर्टर बैंक, फ्रैंकफर्ट,/ए एम मेन या स्टेट बैंक आफ इंडिया फ्रैंकफ' या बरिंस एंड वेस्ट बक, हम्बर्ग में साख पत्र खोलने के लिए प्राधिकारपत्र जारी कर सके।

(क) आयातक का नाम और पता।

(1) क्या सार्वजनिक क्षेत्र का है या निजी क्षेत्र संस्थान का

(2) उद्योग की श्रेणी जिससे वह संबंध रखता है।

(3) वह राज्य जिसमें स्थित है।

(ख) लाइसेंस की संख्या, दिनांक एवं मूल्य (लाइसेंस की फोटो प्रति संलग्न की जानी चाहिए)।

(ग) भुगतान नियमों अर्थात् (लागत बीमा भाड़ा या लागत भाड़ा) किसी भी मामलों में केवल जहाज पर्यन्त निःशुल्क मूल्य के लिए प्राधिकारपत्र के लिए आवेदन नहीं किया जाना चाहिए, को दर्शाते हुए संभरक द्वारा दिए गए और स्वीकार किए गए आदेशों का विदेशी मुद्रा में मूल्य।

(घ) इस संबंध में एक प्रमाणपत्र कि पक्के आदेश (संभरक के पुष्टिकरण आदेश के साथ) आयात लाइसेंस के जारी होने की तारीख से चार मास के भीतर दे दिए गए है। यदि 4 मास की निर्धारित अवधि के बाद आदेश दिए गए हैं तो जैसा भी मामला हो मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के पत्र/वित्त मंत्रालय के पत्र की एक प्रति जिस में आदेश देने के लिए समय वृद्धि के लिए प्राधिकार दिया गया है, संलग्न की जानी चाहिए।

(ङ) इस संबंध में तीन प्रतियों में एक प्रमाण पत्र कि समुद्र पार संभरकों से तुलनात्मक बोलियां प्राप्त करने के बाद पक्के आदेश दिए गए हैं और यह कि न्यूनतम उपयुक्त तकनीकी दाम स्वीकार कर लिए गए हैं। यदि तुलनात्मक बोली प्राप्त करना संभव नहीं है जैसे एकाधिकार मद, तो इसके लिए पूरे औचित्य दिए जाने चाहिए।

(च) आयात किए जाने वाले माल का संक्षिप्त विवरण।

(छ) वास्तविक विदेशी मुद्रा में वह धनराशि [उस देश की मुद्रा में व्यक्त किया जाना है जिसमें संभरक रहता हो (जिसके लिए प्राधिकार पत्र की मांग की गई है) अभिकरण के कमीशन को छोड़कर]।

(ज) विदेशी मुद्रा में अभिकरण के कमीशन की धनराशि और भारतीय अभिकर्त्ता का नाम और पता।

(झ) ऐसे मामले में जहां संभरक पश्चिम जर्मनी से भिन्न देश में स्थित है, तो संभरक के उस बैंक का नाम दिया जाना चाहिए जिसमें वेस्ट जर्मनी में नामित वाणिज्यिक बैंक द्वारा धनराशि प्रेषित की जाती है।

(ञ) सुपुर्दगी पूर्ण करने की अनुमानित तिथि।

(ट) संविदा के अन्तर्गत भुगतान के लिए पड़ने वाली सम्भावित तिथि को प्रदर्शित करने वाली एक अनुसूची।

(ठ) 1 मिलियन डी एम के बराबर आयात लाइसेंस के मूल्य के मामले में यह बताते हुए एक प्रमाण पत्र दिया जाना चाहिए कि आयात लाइसेंस के मद्दे सभी संविदाएं पूरी कर दी गई हैं और आगे कोई भी संविदा नहीं की जाएगी जिसके द्वारा साख-पत्र खोला जाएगा।

(विदेशी मुद्रा देने के लिए प्राधिकृत भारतीय अनुसूचित बैंक का नाम और पता) ……………………………
और ऊपर उल्लिखित बैंक द्वारा ……………………
रु० के लिए दी गई बैंक गारंटी संख्या ……………………
दिनांक ……………………… और जो स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 31 के अनुसार स्टाम्प कलक्टर द्वारा विधिवत्-न्याय निर्णीत की गई है, संलग्न है।

भवदीय

(लाइसेंसधारी)

प्रति ……………………………… बैंक को सूचनार्थ प्रेषित।

अनुबन्ध-3

गारंटी बान्ड

सेवा में,

भारत के राष्ट्रपति,

भारत के राष्ट्रपति के लिए (इसके बाद इसे "सरकार" कहा गया) पश्चिम जर्मनी पूंजीगत माल क्रेडिट 1978-79 की शर्तों के अनुसार तथा ऊपर उल्लिखित करार के मद्दे आयातक के नाम में आयात के अनुसरण में दिनांक… … को जारी किया गया लाइसेंस संख्या ………………… का पालन करते हुए ………………… के द्वारा बाद में इसे "आयातक" कहा गया है) के आयात के लिए भुगतान के लिए राजी होते हुए (विदेशी मुद्रा में उपर्युक्त धनराशि का संकेत करें) आयात के

अनुरोध पर हम आयातक द्वारा मनोनीत ..... (वैस्ट जर्मनी में वाणिज्यक बैंक का नाम ..... द्वारा भुगतान की गई धनराशि को जमा करने के लिए परिवर्तन की चालू परिस्थितियों पर जो हम संबंध में समय समय पर सरकार द्वारा जारी किए गए अनुदेशों के अनुसार परिकलित किया जाता है और इसके साथ एक प्रतिशत की विदेशी संभरक को किए भुगतान की तारीख को सरकारी लेखों में क्रेडिट के लिए समतुल्य रु० के भुगतान की तारीख तक प्रथम 30 दिनों के लिए 9% वार्षिक दर से और इससे अधिक की अवधि के लिए 15% वार्षिक दर के हिसाब से ब्याज के साथ भुगतान के परामर्श की प्राप्ति के दस दिनों के भीतर विधि के साथ भारत सरकार के क्रेडिट के लिए और उक्त क्रेडिट के अन्तर्गत उपयुक्त लेखा शीर्ष के लिए जैसा कि भारत सरकार द्वारा लेखा शीर्ष के मद्दे संकेतित है, व्यवस्था करने का भार लेते हैं। वेस्ट जर्मनी में नामित वाणिज्यिक बैंक द्वारा प्राप्त आयात प्रलेखों का परक्राम्य सेट आयात को केवल तभी लौटाया जाएगा जब कि ऊपर के अपेक्षित पूरे रुपये जमा कर लिए गए हैं।

